NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 71 /NCRES/20 Date : 22.4.2020

श्रीमान प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :— नार्थ सेन्ट्रल रेलवे द्वारा Holiday Home का निर्माण कराना।

महोदय,

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में मात्र 3 Holiday Home ईदगाह (आगरा), खुजराहो तथा चित्रकूट में है, जबकि दूसरी अन्य रेलवे के Holiday Home अपने रेलवे के साथ—साथ भारतवर्ष के प्रसिद्ध हिल स्टेशन तथा धार्मिक स्थानों पर भी है, और उसमें ठहरने के लिये उसी रेलवे के कर्मचारियों को वरीयता दी जाती है, अन्य रेलवे के कर्मचारियों को सुविधा नही दी जाती।

(1) हाली डे होम निर्माण करना।

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के प्रसिद्ध धार्मिक, पौराणिक एवं पर्यटन स्थलों जैसे प्रयागराज, झांसी, ग्वालियर मथुरा में Holiday Home बनाये जाय और इसके अलावा अन्य रेलवे जैसे उत्तर रेलवे के अन्तर्गत पर्यटन स्थल, शिमला, नैनीताल, मसूरी में और NFRLY के शिलांग, दार्जेलिंग में तथा श्रीनगर (कश्मीर) इत्यादि में नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के कर्मचारियों हेतु Holiday Homes की सुविधा बिल्डिंग का निर्माण कराके या किराये पर लेकर किया जाए।

(2) कर्मचारियों के बच्चों को हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा में सार्वाधिक अंक प्राप्त करने पर प्रोत्साहित करना।

कर्मचारियों के पुत्रों/पुत्रियों जो कि हाईस्कूल एवं इण्टर में 75% या उससे अधिक अंक प्राप्त करे, उन्हे प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाए। इसमे CBSE एवं ICSE बोर्ड वाले विद्यार्थियों को भी सम्मिलित किया जाय।

(3) महिला कर्मचारियों को निजी सुरक्षा हेतु मिर्च स्प्रे सप्लाई करना।

Road Side स्टेशन पर और सुनसान जगह पर कार्य करने वाली महिलाओं को मिर्च स्प्रे सप्लाई किया जाय। इसके अतिरिक्त पुरूषो के साथ कार्य करने वाली उन महिलाओ को भी मिर्च स्प्रे सप्लाई किया जाय जिनका अनुपात पुरूषो के बीच 1 (महिला) : 10 (पुरूष) का हो ताकि आपात स्थिति में वो अपनी सुरक्षा कर सकें।

NCRES का अनुरोध है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में उचित निर्णय लिया जाय अन्यथा भविष्य में होने वाली CSBF की मीटिंग के एजेन्डे में उपरोक्त मदो को रखा जाय ताकि उस पर चर्चा कर निर्णय लिया जा सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री